# आदि कर्मयोगी की दूसरी क्षेत्रीय प्रक्रिया प्रयोगशाला (RPL) का शुभारंभ

## चर्चा में क्यों?

**जनजातीय कार्य मंत्रालय ने** मध्य प्रदेश के भोपाल में [आदि कर्मयोगी]- राष्ट्रीय उत्तरदायी शासन मिशन की **दूसरी क्षेत्रीय प्रक्रिया प्रयोगशाला (RPL)** का शुभारंभ किया।

## मुख्य बिंदु

- **क्षेत्रीय प्रक्रिया प्रयोगशाला (RPL) के बारे में:**
  - **RPL**, आदि **कर्मयोगी** पहल की निरंतरता का प्रतीक है, जो [जनजातीय कल्याण] में क्षमता निर्माण और अभिसरण के लिये एक रणनीतिक मंच के रूप में कार्य करता है।
  - मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के **राज्य मास्टर प्रशिक्षकों (SMT)** को भोपाल स्थित RPL में प्रशिक्षित किया जा रहा है।
  - जुलाई और अगस्त 2025 के बीच सात ऐसे **RPL** आयोजित किये जाएंगे, जिससे मिशन के **लक्ष्य** एवं **पहुँच** और भी सुदृढ़ होगी।
- **RPL संरचना: यह** एक **क्रमिक क्षमता निर्माण मॉडल** का पालन करता है:
  - सबसे पहले **राज्य मास्टर प्रशिक्षकों (SMT)** को **RPL** में प्रशिक्षित किया जाता है।
  - इसके पश्चात् SMT, राज्य प्रक्रिया प्रयोगशालाओं (SPL) का नेतृत्व करते हैं, जहाँ वे **ज़िला मास्टर** प्रशिक्षकों (DMT) को प्रशिक्षित करते हैं।
  - [नागरिक समाज संगठनों (CSOs)] को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया जाता है, जिससे सहभागी शिक्षण और स्थानीय परिप्रेक्ष्य को सुनिश्चित किया जा सके।
- **आदि कर्मयोगी:**
  - यह [उत्तरदायी शासन] के लिये एक राष्ट्रीय मिशन है, जिसे 20 लाख **आदिवासी** ज़मीनी कार्यकर्त्ताओं और ग्राम-स्तरीय परिवर्तन नेताओं का एक कैडर तैयार करने के लिये विकसित किया गया है, जो [समावेशी विकास] को आगे बढ़ाएंगे और आदिवासी क्षेत्रों में अंतिम-मील सेवा वितरण को मज़बूत करेंगे।
  - यह मिशन [प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन)] और [धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA)] के साथ संरेखित है, जो अभिसरण, सामुदायिक भागीदारी तथा क्षमता वृद्धि पर ज़ोर देता है।
  - यह मिशन नीचे से ऊपर के दृष्टिकोण, रीयल-टाइम शिकायत निवारण और सहयोगात्मक क्रियान्वयन के माध्यम से **उत्तरदायी शासन** को बढ़ावा देता है।
  - इसमें जनजातीय कार्य, ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, जलशक्ति, शिक्षा और वन मंत्रालयों सहित अनेक **प्रमुख मंत्रालयों** तथा **विभागों के बीच अभिसरण को प्रोत्साहित** किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/launch-of-aadi-karmayogi-s-2nd-regional-process-lab-rpl-